INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ –11झाँसी की रानी(कविता)	Topic: प्रश्नोत्तर	Note: Pl. write in your note book

पाठ – 11 झाँसी की रानी(कविता)

प्रश्नोत्तर –

प्रश्न -1- 'झाँसी की रानी' कविता किसने लिखी है?
उत्तर -'झाँसी की रानी' कविता सुभद्रा कुमारी चौहान जी ने लिखी है? ।

प्रश्न -2- रानी लक्ष्मीबाई किसकी मुँहबोली बहन थी?
उत्तर - रानी लक्ष्मीबाई नाना धुंधूपंत पेशवा की मुँहबोली बहन थी ।

प्रश्न -3- कवयित्री ने झाँसी की रानी की कथा किसके मुँह से सुनी थी?
उत्तर - कवयित्री ने झाँसी की रानी की कथा बुंदेलों के मुँह से सुनी थी ।

प्रश्न -4- नाना साहब कहाँ के रहने वाले थे?
उत्तर - नाना साहब कानपुर के रहने वाले थे ।

प्रश्न -5- नकली युद्ध करना व्यूह की रचना करना, शिकार करना, सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना आदि किसके प्रिय खेल थे?
उत्तर - नकली युद्ध करना व्यूह की रचना करना, शिकार करना, सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना आदि रानी लक्ष्मीबाई के प्रिय खेल थे।

प्रश्न -6 - महल में खुशी का कारण क्या था?
उत्तर- विवाह के बाद रानी लक्ष्मीबाई का महल में आना खुशी का प्रमुख कारण था ।

प्रश्न-7- ब्रिटिश सरकार ने झाँसी के दुर्ग पर झंडा क्यों फहराया?
उत्तर- ब्रिटिश सरकार ने झाँसी के दुर्ग पर झंडा इसलिए फहराया क्योंकि वहाँ के राजा नि:संतान मृत्यु को प्राप्त हुए थे।

प्रश्न-8- अंग्रेज़ों ने भारत के किन-किन क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया था?

उत्तर- अंग्रेजों ने भारत के कई हिस्सों पर अधिकार कर लिया था।उनमें से प्रमुख हैं-दिल्ली, लखनऊ, बिहार, नागपुर, तंजौर, सतारा, कर्नाटक, सिंध, पंजाब, मद्रास आदि।

प्रश्न 9- झाँसी की रानी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती हैं?

उत्तर - झाँसी की रानी के जीवन से हम देश के लिए मर मिटने, स्वाभिमान से जीने, संकटों से न घबराने की, साहस, दृढ़निश्चय, नारी अबला नहीं सबला है आदि।

कठिन शब्दों के अर्थ -

- भृकुटी तानना - क्रोध करना
- गुमी हुई - खोई हुई
- फिरंगी - विदेशी (अंग्रेज़)
- मन में ठानना - पक्का इरादा करना
- हरबोले - हर व्यक्ति के मुँह से
- कृपाण - तलवार
- अवतार - विशेष रूप से जन्म लेना
- पुलकित - प्रसन्न
- व्यूह-रचना - मोर्चा बनाना
- दुर्ग तोड़ना - किला तोड़ना
- खिलबाड़ - खेल
- भवानी -पार्वती
- सुभट - अच्छे वीर
- विरुदावलि - प्रशंसा की कहानी
- उदित हुआ - जगा
- मुदित - प्रसन्न
- कालगति - मृत्यु की चाल
- काली घटा घेर लाना - मुसीबतें आना
- अश्रुपूर्ण - आँसुओं से भरे हुए
- बिरानी - पराई

****